भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1426
गुरूवार, 28 जुलाई, 2022/06 श्रावण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ओडिशा में पर्यटन का विकास

1426. डा. सस्मित पात्राः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा ओडिशा राज्य में शुरू की गई विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस संबंध में अब तक कुल कितनी धनराशि खर्च की गई है;

(ग) भविष्य में कुल कितनी धनराशि खर्च किए जाने की संभावना है; और

(घ) इन परियोजनाओं का ओडिशा में पर्यटन क्षेत्र पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने ओडिशा राज्य में पर्यटन सम्बन्धी अवसंरचना के विकास के लिए 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन (प्रसाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की है।

पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों से प्रस्तावों की प्राप्ति एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप जाँच की जाती है और अनुबंधित शर्तों , परिचालन व्यवहार्यता और निधि की उपलब्धता के अधीन ऐसी परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान प्रदान की जाती है।

ओडिशा राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची अनुबंध में दी गई है।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा ओडिशा राज्य सहित देश में स्वीकृत विभिन्न विकास परियोजनाएं यात्रियों के पर्यटन अनुभव को बेहतर बनाने में मदद करती हैं जिससे पर्यटन क्षेत्र का विकास और उन्नति होती है और इसके परिणामस्वरूप स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के अधिक अवसरों का सृजन होता हैं।

****

अनुबंध

ओडिशा में पर्यटन का विकास के सम्बन्ध में दिनांक 28.07.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1426 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना (करोड़ रुपए में)

क्र. सं.	राज्यश	परिपथ का नाम	स्वीकृत वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
1.	ओडिशा	तटीय परिपथ	2016-**17**	गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और तंपारा का विकास।	**70.82**	**63.56**

प्रशाद योजना (करोड़ रुपए में)

क्र. सं.	राज्यद	परिपथ का नाम	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
1.	ओडिशा	2014-15	मेगा परिपथ के तहत पुरी, श्री जगन्नाथधाम - रामचंडी देवली में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना विकास	**50.00**	**10.00**

पर्यटन अवसंरचना विकास योजना के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता

(करोड़ रुपए में)

क्र. सं.	राज्यर	परियोजना का नाम	केन्द्रीय एजेंसी	स्वीदकृत राशि	जारी की गई राशि
1.	ओडिशा	पुरी रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	6.15	6.15

****